Orange काउंटी मतदाताओं के रजिस्ट्रार
Santa Ana शहर विशेष रीकॉल चुनाव
14 नवंबर, 2023
सार्वजनिक सेवा घोषणा

पार्श्वस्वर
चौदह नवंबर को Santa Ana शहर में होने वाले विशेष रीकॉल चुनावों के लिए, Orange काउंटी के मतदाताओं के रजिस्ट्रार हर एक मतदाता के आसानी से और सुरक्षित रूप से मतपत्र डालने के अधिकार की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं।
शहर के वार्ड तीन में सभी पंजीकृत मतदाताओं को मतपत्र भेज दिए गए हैं।
आप चार तरीकों से मतपत्र डाल सकते हैं।
एक. आप मेल द्वारा अपना मत दे सकते हैं। कोई डाक शुल्क ज़रूरी नहीं है। आपका मतपत्र चौदह नवंबर तक पोस्टमार्क हो जाना चाहिए।
दो. आप Santa Ana, वार्ड तीन में दो सुरक्षित ड्रॉप बॉक्स में से एक में अपना मतपत्र डाल सकते हैं...
...या तीन. इसे Santa Ana, वार्ड तीन के मतदान केंद्र पर ले जाएँ।
Santa Ana में मतदाताओं के रजिस्ट्रार के कार्यालय में भी एक मतपत्र ड्रॉप बॉक्स है और वह भी एक मतदान केंद्र के रूप में काम करता है।
और चार. आप किसी भी एक मतदान केंद्र पर जाकर व्यक्तिगत रूप से मतदान भी कर सकते हैं।
Santa Ana, वार्ड तीन का मतदान केंद्र और मतदाताओं के रजिस्ट्रार के कार्यालय का मतदान केंद्र, दोनों चार नवंबर को खुलेंगे।
सभी मतदान केंद्र और मतदान ड्रॉप बॉक्स चौदह नवंबर को रात आठ बजे बंद हो जाएँगे।
मतदान केंद्र की जगहों और समय के बारे में जानने के लिए, O-C-Vote [dot] gov [slash] votecenter पर जाएँ।
और अधिक जानकारी के लिए आप हमारी मतदाता हॉटलाइन को आठ-आठ-आठ-O-C-VOTES पर कॉल भी कर सकते हैं। जो कि आठ-आठ-आठ-छह-दो-आठ-छह-आठ-तीन-सात है।
Santa Ana, वार्ड तीन याद रखें, आराम से मतदान करें। सुरक्षित रूप से मतदान करें।